नम आंखों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन




लखनऊ।राजधानी में बंगाली समाज का विशेष पर्व दुर्गा महोत्सव के अन्तिम दिन बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से सिंदूर खेला मनाया। मां दुर्गा संग सिन्दूर खेलने के बाद विसर्जन की विशेष पूजा अर्चना की गयी और भव्य शोभायात्रा संग झुले लाल घाट सहित अन्य घाटों पर नम आंखों संग मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। राजधानी में बंगाली समाज ने धूमधाम से सिंदूर खेला मनाया।पांच दिनों तक मां की

बंगाली महिलाओं में मां दुर्गा संग खेला सिंदूर

आराधना के बाद विजय दशमी को बंगाली समाज की सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की परंपरा निभाई। गोमती नगर स्थित रविंद्र पल्ली और केसरबाग के बंगाली क्लब शशिभूषण व जानकीपुरम में विवाहित महिलाओं ने जमकर सिंदूर खेला। दुर्गा माता से परिवार की सुख, समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना किया। अपनी पारम्परिक पोशाक लाल जोड़े में सजकर पहुंची महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर बधाई दी। सभी सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को पान के पत्ते से सिंदूर चढ़ाया और मां दुर्गा को पान और मिठाई भी खिलायी। बंगाली समाज के अनुसार मां दुर्गा संग सिन्दूर खेला की परंपरा लगभग साढ़े चार सौ साल पुरानी है। यह परंपरा दशमी पर पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही है। मां दुर्गा साल में एक बार अपने मायके आती हैं। बंगाली समाज की महिलाओं ने साढ़े चार साल से चली आ रही परंपरा के अनुसार मां दुर्गा, सरस्वती, कार्तिकेय,

ढोल नगाड़ों के साथ निकली विसर्जन शोभा यात्रायें

लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा के बाद उनका शृंगार किया। विसर्जन से पहले मां को मिठाइयों का भोग लगाया गया। उल्लेखनीय है कि महा षष्ठी को विशेष पूजा-अर्चना के साथ दुर्गा महोत्सव के पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा और मां के अन्य स्वरूपों के जानदार प्रतिमाओंकी स्थापना की गयी थी।इसी क्रम में महोत्सव की समाप्ति के बाद सुबह से प्रतिमाओं का विसर्जन गोमती नदी के किनारे झुलेलाल घाट पर शुरू हुआ।कैंटोनमेंट दुर्गा पंडाल रविन्द्रपल्ली महोत्सव चारबाग रेलवे सेवा ग्राम कॉलोनी मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा 35वां शारद उत्सव मित्र संघ द्वारा आयोजित मॉडल हाउस महोत्सव जानकीपुरम सेक्टर-ई शशिभूषण कालेज के पंडाल सहित अन्य स्थानों के पंडालों में ढोल नगाड़ों की थापों के बीच भव्य शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इसी क्रम में अवध विहार योजना के भागीरथी एन्क्लेव में दस दिन बाद मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर गुरु नारायण त्रिपाठी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भक्तों से मां दुर्गा की आरती कराई। विदाई के समय सोसायटी के निवासियों की आंखें नम हो गईं।

रियल एस्टेट में पार्टनरशिप के नाम पर करीब तीन करोड़ ठगे

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। रियल एस्टेट और निर्माण कार्य में पार्टनरशिप के नाम पर आरोपियों ने दो करोड़ 89 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिण से शिकायत की तो सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। उधर, फर्जी खतौनी दिखाकर प्लॉट बेचने और भारतीय खाद्य निगम में नौकरी लगवाने का झांसा देकर आरोपी पिता पुत्र ने एक शख्स से साढ़े 17 लाख रुपये की ठगी की। विरोध पर जानमाल की धमकी दी। उनकी शिकायत पर डीसीपी पश्चिम के आदेश पर चौक थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। गोमती नगर विस्तार सेक्टर-एक सुलभ आवास योजना निवासी राकेश मिश्र ने बताया कि उनकी अमेठी के राहुल सिंह के साथ विभिन्न रियल एस्टेट, निर्माण परियोजनाओं में साझेदारी थी। इन परियोजनाओं में उन्होंने करीब चार करोड़ 53 लाख रुपये और आरोपी राहुल ने चार करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक का निवेश किया था। करीब 12 करोड़ 37 लाख रुपये की बिक्री से करीब तीन करोड़ 28 लाख रुपये का लाभ हुआ। तय शर्तों के अनुसार राकेश को मूलधन और लाभ का हिस्सा छह करोड़ 17 लाख रुपये मिलना था। राकेश ने बताया कि बैंक ट्रांसफर, नकद लेनदेन और परियोजनाओं के समायोजन के बाद आरोपी राहुल पर उनके दो करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक बकाया निकले। साथ ही फॉर्च्यूनर खरीदने के लिए 34 लाख 15 हजार रुपये उन्होंने अलग से दिए थे। आरोप है कि न तो गाड़ी उनके नाम की, न ही रुपये वापस किए। बकाया रकम मांगने पर राहुल ने हिसाब देने से मना कर दिया।

साइबर जालसाजों ने जीवन प्रमाण पत्र के नाम पर छह लाख ठगे

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग और महिला समेत पांच के खातों में सेंधमारी करके 16 लाख 14 हजार रुपये पार कर दिए। साइबर ठगी के मामले साइबर क्राइम थाना, इंदिरा नगर, बीबीडी, सरोजनी नगर व जानकीपुरम इलाके के हैं। सभी मामले दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। राजाजीपुरम की आवास विकास कॉलोनी की बुजुर्ग अल्का अग्रवाल ने बताया कि 19 अक्तूबर को फेसबुक पर जीवन प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में एक लिंक देखकर पूरा विवरण भरा। करीब एक घंटे बाद कनिका नाम से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। बैंक संबंधी जानकारी लेकर स्क्रीन शेयर की। उसके बाद खातों से छह लाख रुपये निकाल लिए। वहीं, इंदिरा नगर कल्याणपुर अबरार नगर के अजहर के एसबीआई व बीओआई के खाते से साइबर जालसाज ने सवा तीन लाख रुपये निकाल लिए। बीबीडी के गंगोत्री विहार के सुनील चौधरी से कुछ दिन पहले जालसाज ने ग्रीन गैसकर्मी बनकर मीटर अपडेट की बात कहते हुए 13 रुपये जमा कराए। फिर खाते से 96 हजार रुपये निकाल लिए।

जंगल में पेड़ पर लटकता मिला लापता महिला का शव

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। हुसैनगंज स्थित संजोग नगर निवासी लापता मैना देवी (45) का शव सोमवार देर शाम कैंट लोको वर्कशॉप के सामने जंगल में पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। बेटे सरवन ने आरोप लगाया कि मां मैना की हत्या कर शव पेड़ पर लटकाया गया है, क्योंकि मौके पर मां का शव पेड़ पर लटका था तो पैर जमीन पर छू रहे और थोड़ा मुड़े हुए थे। कैंट थाना प्रभारी गुरप्रती कौर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच की जा रही है। बेटे सरवन ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे मां मंदिर जाने की बात कहकर निकली थीं। वह देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने कॉल किया तो उन्होंने थोड़ी देर में आने की बात कही। फिर देर रात मोबाइल स्विच ऑफ मिला। बेटे के मुताबिक दो साल पहले पिता उमाशंकर की बीमारी से मौत हो गई थी। बेटे ने आरोप लगाया कि छह साल से मां फूलबाग के एक व्यक्ति से संपर्क में थी।

पीलीभीत में मतदाता सूची में त्रुटियों के लिए जिम्मेवार अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा 127-पीलीभीत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के नाम के इपिक नम्बर पर किसी अन्य मतदाता का विवरण प्रदर्शित होने संबंधी शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए आज प्रकरण की जांच जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत से करायी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त आख्या के अनुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 127-पीलीभीत की मतदाता सूची में जांचोंपरांत कतिपय मतदाताओं के इपिक नम्बर को ऑनलाइन सर्च करने पर किसी अन्य मतदाता का विवरण प्रदर्शित होता पाया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस प्रकार की त्रुटियों को तत्काल ठीक करने एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 127-पीलीभीत के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा वीआरसी ऑपरेटर को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाये जाने तथा उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही इस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के उत्तरदायित्व के संबंध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद पीलीभीत के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर विस्तृत आख्या दो दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी, पीलीभीत को दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए अपने जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर दो दिवस में आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दे दिये गये हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण तक अधिकारियों के तबादलों पर रोक

स्थानांतरण के लिये आयोग की अनुमति अनिवार्य

लखनऊ। विधानसभा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को देखते हुए चुनाव से जुड़े अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आलेख्य प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक किसी भी संबंधित अधिकारी का तबादला आयोग की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा।रिणवा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-13सीसी के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारी आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाते हैं और इस अवधि में वे आयोग के नियंत्रण और अनुशासन में कार्य करते हैं।आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को होगा। 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी, जिनका निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा और अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पद रिक्त नहीं रखे जाएंगे। इससे जुड़े सभी विभागों को निर्देशों से अवगत करा दिया गया है ताकि पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से पूरा हो सके।

मतदाता सूची में लिपिकीय त्रुटियों के कारण कोई मतदाता नहीं होगा मताधिकार से वंचित- रिणवा

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 स्नातक एवं 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान के दिन मतदाता सूची में मतदाता के विवरण में आंशिक लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियां होने के आधार पर किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में इस संबंध में समस्त संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचता है और पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को मतदाता सूची में उसके विवरण में लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी अशुद्धियां दिखाई देती हैं, तो ऐसी स्थिति में मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। यदि मतदान अधिकारी मतदाता द्वारा प्रस्तुत अनुमन्य दस्तावेजों अथवा मतदाता सूची में दर्ज अन्य विवरणों के आधार पर इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति वही मतदाता है, जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो ऐसी लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटियों की नजरअंदाज करते हुए उसे मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ा,दो दिनों में 36 नये मरीज मिले

लखनऊ। राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। दो दिनों में 36 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुयी है। जिसमें से 20 को 11 मरीज व 21 अक्टूबर बुधवार को 25 नये मरीज मिले हैं। जिसमें इन्दिरानगर व चन्दरनगर में पांच-पांच,टूडियागंज व एनके रोड में चार-चार, रेडक्रास व सिल्वर जुबली में दो-दो व अलीगंज एरिया में तीन मरीज मिले हैं। मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य विभाग की चिन्ता बढ़ा दी है। अस्पतालों में डेंगू मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड तैयार किये गये हैं। मच्छरदानी में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु बीआरडी व रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य अस्पतालों में मच्छरदानी में मरीज भर्ती किये जा रहे हैं। मरीजों को भी मच्छरों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सीएमओ डॉ.एन.बी. सिह ने बताया कि डेंगू के लक्षण मिलने पर मरीज सरकारी अस्पतालों में जांच करा सकते हैं। यहां डेंगू की जांच मुफ्त उपलब्ध है। मरीजों को इलाज के दौरान जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी जा रही हैं। बुखार के साथ शरीर में तेज दर्द, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द या कमजोरी होने पर डॉक्टर से सलाह लें।

60 घरों में स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर बांटी आवश्यक दवायें

लखनऊ। नगरीय पीएचसी फैजुल्लागंज की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.आसमा के नेतृत्व में क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम की टीम ने फैजुल्लागंज क्षेत्र के श्याम विहार कॉलोनी व गौरभीट में 60 घरों में स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर क्षेत्र में आवश्यक दवायें, क्लोरीन गोलियों व ओआरएस पैकेट का वितरण किया। जबकि मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गौरभीट चौराहा में 29 और महावीर लॉन में 25 जनसामान्य को चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया गया।

प्रसव पीड़ा का इंतजार पड़ सकता भारी-सीएमओ

लखनऊ। गर्भावस्था के नौ महीने पूरे हो चुके थे] लेकिन सीमा (बदला हुआ नाम)अस्पताल जाने को तैयार नहीं थी। आशा कार्यकर्ता ने कई बार समझाया, पि ?र भी उसका कहना था कि प्रसव पीड़ा शुरू होने पर ही वह अस्पताल जाएगी। करीब दस दिन बाद जब उसे असहज महसूस हुआ, तब वह अस्पताल पहुंची। जांच में पता चला कि गर्भाशय में पानी काफी कम हो चुका था और बच्चे ने गर्भ में ही मल त्याग कर दिया था। स्थिति गंभीर थी। चिकित्सकों ने जरूरी प्रयास कर सुरक्षित प्रसव कराया। मां और बच्चा, दोनों स्वस्थ रहे। यह मामला बताता है कि प्रसव पीड़ा शुरू होने का इंतजार करना कितना जोखिम भरा हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच कराना और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचना मां और बच्चे की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। यह जानकारी सीएमओ डॉ.एन.बी.सिह ने दी। उन्होने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच और प्रसव के समय चिकित्सकीय सलाह का पालन मां और बच्चे की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

डॉक्टर की छठी मंजिल से गिरकर मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गोमतीनगर विस्तार में एक युवक की संदिग्ध हालात में छठी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मूलत: गोरखपुर स्थित तारामंडल इलाके के रहने वाले अतुल कुमार यादव का गोमती नगर विस्तार स्थित यमुना एन्क्लेव के छठी मंजिल पर रहते थे। परिचित विजय यादव ने बताया कि अतुल कुमार यादव मंगलवार सुबह अपनी छठी मंजिल की टेरिस पर टहल रहे थे। तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड ने परिजनों को सूचना दी। उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोमती नगर विस्तार थाना प्रभारी गौरव बाजपेई ने बताया कि अतुल एमबीबीएस कर चुके थे, लेकिन प्रैक्टिस नहीं करता थे। परिवार में पत्नी वैष्णवी, दो साल का बेटा है। पिता अजय यादव पूर्व ब्लाक ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं।

घर-घर पहुंचीं महापौर, बाढ़ पीड़ितों से जाना राहत का हाल

जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

लखनऊ,आज समाचार सेवा। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के तहत होने वाले विकास कार्यों के चयन को लेकर बैठक हुई। बैठक में शहर की जरूरतों और नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जलकल, पर्यावरण, स्ट्रीट लाइट और अभियंत्रण विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। महापौर ने कहा कि ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए जिनसे आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलें और उपलब्ध धनराशि का प्रभावी उपयोग हो। उन्होंने सभी विभागों को अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं का आकलन कर जनहित, आवश्यकता और उपयोगिता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

लखनऊ,आज समाचार सेवा। फैजुल्लागंज में बाढ़ प्रभावितों की समस्याएं जानने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल बुधवार को घर-घर पहुंचीं। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर राहत और सुविधाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद अस्थायी कैंप कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावितों की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और जरूरत के मुताबिक तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। महापौर ने कहा कि जोन-3 और जोन-6 के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत पहुंचाना नगर निगम की प्राथमिकता है। प्रभावित क्षेत्रों में सफाई, दवाओं का छिड़काव, पेयजल की उपलब्धता और अन्य जरूरी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इन व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने को कहा। उन्होंने बताया कि अस्थायी कैंप कार्यालय स्थापित करने का उद्देश्य लोगों की समस्याएं सीधे सुनकर उनके समाधान में तेजी लाना है। घर-घर जाकर फीडबैक लेने से प्रभावित परिवारों की वास्तविक जरूरतों का पता चल रहा है। इसके आधार पर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, जोनल अधिकारी अजीत राय समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रोस्टर बनाकर सफाई और छिड़काव करने के दिए निर्देश

लखनऊ,आज समाचार सेवा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-3 और जोन-6 के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत, सफाई और अन्य कार्यों की समीक्षा की। महापौर ने जोन-3 के फैजुल्लागंज, मामा कॉलोनी, दाऊदनगर, लोहरामऊ, मिल्लत नगर और जोन-6 के बसंत कुंज, माल रोड और हरि नगर में रोस्टर बनाकर काम कराने के निर्देश दिए ताकि किसी क्षेत्र की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई, चूने का छिड़काव, एंटी लार्वा छिड़काव, क्षतिग्रस्त सड़कों को आवागमन योग्य बनाने और सेप्टिक टैंकों की सफाई को प्राथमिकता पर कराया जाए। पेयजल पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अनाउंसमेंट कराया जाए कि नागरिक समरसेबल का पानी पीने के लिए इस्तेमाल न करें। टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान सांसद लखनऊ प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला, अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्त, डॉ. अरविंद राव, मुख्य अभियंता सिविल, मुख्य अभियंता आरआर, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर, अधिशासी अभियंता, एसएफआई और जलकल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। मड़ियांव के मानखेड़ा निवासी छोटू (22) पुताई मजदूर था। चचेरे भाई महेश यादव ने बताया कि छोटू सोमवार देर शाम अपने दोस्त ओम के साथ सीतापुर रोड स्थित नौवां खेड़ा मेला देखने के लिए घर से गया था। सैरपुर स्थित नौंवा खेड़ा के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसके परिवार में पिता रामदीन, मां माया देवी व भाई हैं।

लापता युवक का शव गोमती नदी में मिला

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। घर से निकले युवक का शव गोमती नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकालने के बाद म्यूर्चरी भेज दिया। घरवालों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उसकी शिनाख्त की। गौतमपल्ली पुलिस के मुताबिक सआदतगंज स्थित कृष्णापुरी करीमगंज निवासी विजय कुमार सोनी (34) का शव गोमती में मिला था। विजय गोमती नगर के एक वकील की गाड़ी चलाता था। पिता शालिग्राम ने बताया कि बेटे विजय का छह साल पहले पत्नी से तलाक हो गया था। कुछ दिनों से बेटा अवसाद में था। वह छोटे भाई सोनू से 17 अक्तूबर की सुबह घर में मोबाइल, रुपया आदि रखकर घर से निकल गया था। परिजनों ने अंबरगंज पुलिस चौकी में गुमशुदगी की सूचना दी थी।

बुजुर्ग का शव नदी में मिला

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गोमती नगर स्थित अम्बेडकर पार्क के पास गोमती नदी में बुधवार दोपहर एक बुजुर्ग का शव उतराता मिला है। सूचना पर पहुंची गोमती नगर पुलिस ने शव नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया है। गोमती नगर पुलिस के मुताबिक उसकी उम्र करीब 60 साल है। उसके शरीर पर फटे पुराने कपड़े मौजूद थे। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

शादी समारोह में आए शख्स की संदिग्ध मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दयालबाग रिसॉर्ट में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए गोरखपुर पचौरी के मनीष मिश्रा (30) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि गोरखपुर का मनीष मिश्रा भाई सत्यम के साथ दयालबाग में आयोजित परिचित की शादी समारोह में आया था। वहां शराब पार्टी के बाद अचानक जमीन पर गिर गया। सभी लोग उसे अंदर हॉल में ले गए। वहां मनीष की मौत हो गई। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

गैस गोदाम में लूट की घटना निकली झूठी, पार्टनरशिप का विवाद

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। काकोरी में गैस गोदाम में मजदूरों से मारपीट कर 409 गैस सिलेण्डर लूट लिए जाने की घटना को पुलिस ने असत्य पाया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जय हिंद गैस गोदाम के मालिक इस्लाम अहमद अब्बासी का सन 2018 से काकोरी के अंतर्गत गैस गोदाम है, जो कुछ महीनो से बंद पड़ा था। पूर्व से एक युसूफ नाम के व्यक्ति से उस गैस गोदाम में पार्टनरशिप को लेकर पैसे का लेनदेन हुआ था, फिर यूसुफ को उसमें पार्टनर नहीं बनाया गया, इसी बात को लेकर गैस गोदाम के मालिक इस्लाम से और आरोपी से विवाद चल रहा है।

शव को कुत्ते द्वारा नोंचते हुए वीडियो वायरल

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। मड़ियांव के लोहरामऊ में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव लावारिस हालत में पड़ा था। इसी दौरान एक कुत्ता शव को नोचता रहा। वहां से गुजर रहे राहगीर ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमको भेजदिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मड़ियांव पुलिस के अनुसार सोमवार को लोहरामऊ इलाके में एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

ठाकुरगंज इलाके में पांच घरों में बिजली चोरी पकड़ी गयी

लखनऊ। मध्यांचल निगम के प्रबन्ध निदेशक के निर्देश पर बुधवार को राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में बड़े विद्युत बकायेदारों व बिजली चोरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 28 परिसरों का चेक किया गया। इनमें से पांच परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गयी।

ऊर्जा विभाग ने पांच निदेशकों का कार्यकाल तीन माह बढाया

लखनऊ। ऊर्जा विभाग ने पांच निदेशकों का कार्यकाल तीन माह के लिये बढ़ा दिया है। जिन निदेशकों का कार्यकाल बढ़ा है उनमें निदेशक वितरण ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी, केस्को के निदेशक वाणिज्य राकेश वार्ष्णेय, पश्चिमांचल के निदेशक वित्त स्वतंत्र कुमार तोमर, पश्चिमांचल के निदेशक तकनीकी नंद किशोर मिश्र व पश्चिमांचल के निदेशक वाणिज्य संजय जैन शामिल हैं। सभी का कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ाया गया है। इस सम्बन्ध में ऊर्जा विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर दिये हैं।

बुलंदशहर के एडीएम की हार्ट अटैक से मौत

लखनऊ। बुलंदशहर के एडीएम न्यायिक भरतराम यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मंगलवार रात 10 बजे लखनऊ के पीजीआई में अंतिम सांस ली। रविवार को बुलंदशहर में हार्ट अटैक के बाद उन्हें नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें ब्रेन हैमरेज भी हो गया था। तबीयत में सुधार नहीं होने पर मंगलवार सुबह भरतराम यादव (57) को लखनऊ पीजीआई में शिफ्ट किया गया था। उन्हें एंबुलेंस से लाया गया। हालांकि, डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मूलत: फैजाबाद के रहने वाले भरतराम बुलंदशहर में दो साल से तैनात थे। भरत राम यादव 2015 बैच के प्रमोटी पीसीएस अफसर थे। बुलंदशहर से पहले प्रतापगढ़ में एसडीएम थे। उनके परिवार में पत्नी विद्या देवी (55), दो बेटे हिमांशु यादव (26), सुधांशु यादव (22) है। हिमांशु सिविल इंजीनियर हैं, जिसका अयोध्या में बिजनेस है। छोटा बेटा सुधांशु यादव (22) सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा है। बड़ी बेटी डॉ. नम्रता यादव हैं , जो पेशे से डॉक्टर हैं। नम्रता की शादी 2020 में मथुरा के एसडीएम अवनीश कुमार यादव के साथ हुई थी।

बेटी पैदा होने पर घर से पीटकर भगाया, मुकदमा

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। बेटी पैदा होने और दहेज में कार व रुपये न मिलने से गुस्साएं ससुराल वालों ने एक महिला की पिटाई करके घर से भगा दिया। इस मामले में महिला ने मड़ियांव थाने में शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और पड़ताल शुरू कर दी है। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि फैजुल्लागंज प्रीति नगर निवासी शमा परवीन की ओर से पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक फैजुल्लागंज की शमा का निकाह 11 मार्च 2021 को मोहम्मद फुरकान से हुआ था। आरोप है कि पति व ससुरालीजनों ने दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग शुरू कर दी।

लोहिया संस्थान में देहदान करने वाले डॉ. प्रह्लाद प्रसाद को दी गयी श्रद्धांजलि

80 वर्षीय प्रोफेसर डॉ. प्रह्लाद प्रसाद की पूर्व में व्यक्त की गई इच्छानुसार उनका पार्थिव शरीर को संस्थान को समर्पित किया गया

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शरीर रचना विभाग को हाल ही में स्वैच्छिक देहदान प्राप्त हुआ है। यह प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय देहदान स्वर्गीय डॉ. प्रह्लाद प्रसाद, 80 वर्षीय प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, महारानी लाल कुंवरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर द्वारा किया गया। स्वर्गीय डॉ प्रह्लाद प्रसाद का प्राकृतिक रूप से निधन होने के उपरांत, उनकी पूर्व में व्यक्त की गई इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के उद्देश्य से शरीर रचना विभाग, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को समर्पित किया गया। यह निर्णय उनके उच्च मानवीय मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा समाज के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है। देहदान चिकित्सा विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना का प्रत्यक्ष अध्ययन करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करता है तथा भावी चिकित्सकों के प्रशिक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देता है। स्वर्गीय डॉ प्रह्लाद प्रसाद का यह महान दान आने वाली अनेक पीढ़ियों के चिकित्सा छात्रों एवं शोधकर्ताओं के लिए ज्ञान एवं प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शरीर रचना विभाग द्वारा स्वर्गीय डॉ. प्रह्लाद प्रसाद सम्मान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। संस्थान की ओर से कहा गया कि मृत्यु के पश्चात भी मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है देहदान और देहदान के इस महान संकल्प को पूर्ण करना समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है, हम स्वर्गीय डॉ प्रह्लाद प्रसाद को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा उनके इस अमूल्य योगदान के लिए शत-शत नमन करते हैं। मृत्यु के पश्चात भी मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है देहदान।

लोहिया संस्थान में शपथ समारोह आयोजित

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। व्हाइट कोट सेरेमनी एवं महर्षि चरक शपथ एमबीबीएस- 2026 बैच के अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ द्वारा एकेडमिक ब्लॉक के लेक्चर थियेटर 5 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. सीएम सिंह, निदेशक आरएमएलआईएमएस के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात आयोजन के अध्यक्ष एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो एसडी कांडपाल द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डीन प्रो राजन भटनागर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह, प्रो प्रद्युम्नं सिंह पैथोलॉजी और डॉ सीएम सिंह, निदेशक, आरएमएलआईएमएस ने मेडिकल छात्रों को उनके भविष्य के लिए संबोधित किया और अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा एमबीबीएस बैच 2026 के छात्र-छात्राओं को व्हाइट कोट पहनाया गया, जो चिकित्सा के इस नोबल पेशे में उनके प्रवेश का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्रो. पीयूष कारीवाला प्रोफेसर जूनियर ग्रेड डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन द्वारा व्हाइट कोट का महत्व प्रस्तुत किया गया, तदुपरांत एमबीबीएस बैच 2026 के छात्र.छात्राओं को महर्षि चरक शपथ ग्रहण कराई गई।